RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 204 | नागौर, 26 जून, 2022 (रविवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

Maharashtra Crisis

## बागी विधायकों को डिप्टी स्पीकर ने जारी किया नोटिस

### शिंदे गुट बोला- कोर्ट में करेंगे चैलेंज

मुम्बई

महाराष्ट्र में सियासी उलटफेर का खेल जारी है, शुक्रवार को शिवसेना ने बागी विधायकों को निलंबित करने की मांग डिप्टी स्पीकर से की थी. अब शिवसेना के बागी विधायकों को डिप्टी स्पीकर की तरफ से नोटिस जारी कर दिया गया है. इस नोटिस के मुताबिक बागियों से 27 जून तक जवाब दाखिल करने को कहा गया है.

शिवसेना की तरफ से कहा गया था कि उन्होंने कुल 16 बागी विधायकों को निलंबित करने का अनुरोध डिप्टी स्पीकर से किया था. जिन 16 बागी विधायकों को निलंबित करने की मांग की गई थी उनमें



सदा सरवणकर, प्रकाश आबिटकर, संजय रायमुलकर, रमेश बोरनारे, एकनाथ शिंदे, अब्दुल सत्तार, संदीपान भुमरे, प्रकाश सुर, तानाजी सावंत, महेश शिंदे, अनिल बाबर, यामिनी जाधव, संजय शिरसाट, भरत गोगावले, बालाजी किणीकर, लता सोनावणे का नाम शामिल है.

### हम डिप्टी स्पीकर के नोटिस को करेंगे चैलेंज

डिप्टी स्पीकर के नोटिस के बाद बागी विधायक दीपक केसरकर ने शिंदे गुट की तरफ से कहा है कि हम शिवसेना से बाहर नहीं निकले हैं, हम शिवसेना में ही है. उन्होंने कहा कि हमें किसी की तरफ से ये नहीं कहा गया कि ये करो. हमने ये अपने मन से किया है. दीपक केसरकर बोले हमारे पास दो तिहाई बहुमत है. हमें दल-बदल कानून से डराने की कोशिश नहीं करें. हम डिप्टी स्पीकर के निर्णय को कोर्ट में चैलेंज करेंगे. हमने शिवसेना का अलग नाम नहीं मांगा है. हम शिवसेना के विचार को लेकर आगे चलने वाले हैं.

## लड़ाई सच और झूठ के बीच, जीत हमारी होगी, नहीं भूलेंगे विश्वासघात : आदित्य

महाराष्ट्र में सियासी संकट के बीच शिवसेना की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने के बाद पत्रकारों से आदित्य ठाकरे ने कहा, यह लड़ाई सच और झूठ के बीच है, और इसमें जीत हमारी होगी। महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे ने बागी विधायकों को लेकर कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि हम शिवसेना के बागी विधायकों द्वारा किए गए विश्वासघात को नहीं भूलेंगे। हम (शिवसेना) निश्चित रूप से जीतेंगे।

वहीं शिवसेना नेता संजय राउत ने बागी विधायकों से कहा है कि वे शिवसेना के नाम पर वोट न मांगे। इस पर बागी विधायक दीपक केसरकर ने पलटवार करते हुए कहा कि हम भी इसी संगठन के सदस्य हैं। दरअसल संजय राउत ने कहा, उद्धव ठाकरे ने कहा है कि जो लोग छोड़कर गए हैं, वे शिवसेना के नाम से वोट मत मांगे और अगर वोट मांगते हैं तो अपने खुद के बाप के नाम पर मांगे। शिवसेना के बाप बालासाहेब ठाकरे के नाम पर वोट मत मांगे। इस पर बागी विधायक दीपक




केसरकर ने कहा, संजय राउत ने जो बात कही हम इस बारे में जरूर सोचेंगे। हमारा नाम तो शिवसेना ही है, अगर उन्हें लगता है कि उसमें कुछ नहीं जोड़ना तो हम उसको शिवसेना बोलेंगे, हम उनका आदर करेंगे। केसरकर ने कहा कि उनका संगठन कोई नहीं तोड़ रहा है, हम भी उस संगठन के सदस्य हैं, कल भी रहेंगे। जब उद्धव ठाकरे को हक़ीक़त का पता चलेगा तब वो शायद ये निर्णय लें कि हमने जो किया था वो लोगों को सही नहीं लग रहा तो हम अपना निर्णय बदलते हैं, वो नेता हैं कुछ भी कर सकते हैं।

## गठबंधन बनाने में जुटा बागी गुट, देर रात गुवाहाटी से इंदौर होते वडोदरा गए शिंदे, फडणवीस से मिले

महाराष्ट्र में सियासी संग्राम के बीच बागी गुट ने सियासी गठबंधन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार देर रात एकनाथ शिंदे गुवाहाटी से इंदौर होते हुए वडोदरा गए थे, जहां उनकी मुलाकात महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस से हुई। सूत्रों के मुताबिक वडोदरा में फडणवीस से मुलाकात के बाद शिंदे रात में ही गुवाहाटी लौट आए। वहीं शनिवार सुबह शिंदे गुट ने दावा कर दिया कि उसके पास 38 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, जिससे दलबदल कानून उन पर लागू नहीं होगा। पॉलिटिकल ड्रामे के पांचवे दिन यानी शनिवार को शिवसेना के कार्यकर्ता हिंसा पर भी उतर आए। शिवसैनिकों ने पहले पुणे में बागी विधायक तानाजी सावंत के घर पर तोड़फोड़ की। इसके बाद शिंदे के बेटे व कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे के दफ्तर पर पत्थरबाजी की। शिवसेना की हाईलेवल मीटिंग में उद्धव ने शिंदे पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- शिंदे पहले नाथ थे, लेकिन अब दास हो गए हैं। उद्धव ने आगे कहा कि सुलगते बम पर बागी बैठे हुए हैं। बालासाहब का नाम लेकर कोई पॉलिटिक्स नहीं कर पाएंगे। उद्धव की मीटिंग में 6 प्रस्ताव पास किया गया।

## राजस्थान में कोरोना केस बढ़ने लगे

### लगातार चार दिन से 100 से ज्यादा मरीज, एक सप्ताह में 2 की मौत 744 केस



जयपुर।

देशभर में कोरोना केस धीरे-धीरे बढ़ने लगे है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में 120 नए केस आए है, जबकि नागौर में एक मरीज की मौत हुई है। राज्य में पिछले एक सप्ताह की रिपोर्ट देखे तो 744 केस मिल चुके है, जिसमें 5 दिन तो ऐसे थे, जब 100 से ज्यादा नए मरीज मिले है। राज्य में सप्ताहिक टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी 2 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है। राजस्थान मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखे तो कल राज्य में सबसे ज्यादा 56 मरीज जयपुर जिले में मिले। इसके बाद 17 जोधपुर में, उदयपुर में 9, अजमेर 7, बीकानेर 6, अलवर-चूरू में 5-5, नागौर, दौसा, भीलवाड़ा में 3-3, बाड़मेर, गंगानगर में 2-2 और सिरोही, बारां में एक-एक मरीज मिला है। राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 785 तक पहुंच गई। हेल्थ विशेषज्ञों की माने तो इन एक्टिव केसों में अधिकांश मरीज हल्के लक्षण वाले है। इससे एक दिन पहले 23 जून को राजस्थान में 135 केस मिले थे, जो पिछले 103 दिन में मिले केसों में सर्वाधिक थे। राज्य में केस बढ़ने के साथ ही धीरे-धीरे टेस्ट पॉजिटिविटी रेट भी बढ़ रही है, जो 2 फीसदी के ऊपर चली गई। हालांकि ये भारत की औसत टेस्ट पॉजिटिविटी रेट से करीब 1.25 फीसदी कम है।

## तीस्ता सीतलवाड़ एटीएस की हिरासत में

### गुजरात दंगों के मामले में साजिश रचने का आरोप

अहमदाबाद.

गुजरात में 2002 में हुए दंगे के मामले में गुजरात एटीएस ने एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार को हिरासत में ले लिया है। सीतलवाड़ को उनके मुंबई के घर से हिरासत में लिया गया। उन्हें सांताक्रूज पुलिस स्टेशन लाया गया है। इसके बाद गुजरात एटीएस उन्हें अहमदाबाद ले जाने की तैयारी कर रही है। कल यानी रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गुजरात दंगों के मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने तीस्ता सीतलवाड़, पूर्व आईपीएल संजीव भट्ट और गुजरात के पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाकर साजिश रचने का मामला दर्ज किया है। संजीव भट्ट पहले से जेल में हैं, जबकि तीस्ता और श्रीकुमार को अब हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, गुजरात पुलिस ने तीस्ता के खिलाफ शनिवार को ही एफआईआर दर्ज की है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- तीस्ता की भूमिका की जांच हो

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ याचिका को शुक्रवार यानी 24 जून को खारिज कर दिया था।



#### जाकिया जाफरी किसी और के निर्देश पर काम करती थी

दंगों की जांच में एनजीओ की भूमिका पर बोलते हुए गृहमंत्री ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जाकिया जाफरी किसी और के निर्देश पर काम करती थीं। इस एनजीओ ने कई पीड़ितों के हलफनामे पर दस्तखत किए और उन्हें पता तक नहीं है। सब जानते हैं कि तीस्ता सीतलवाड़ का एनजीओ ये सब कर रहा था। उस समय की यूपीए सरकार ने एनजीओ की बहुत मदद की।

यह याचिका जकिया जाफरी ने दाखिल की थी। जकिया जाफरी के पति एहसान जाफरी की इन दंगों में मौत हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जकिया की याचिका में मेरिट नहीं है।

कोर्ट ने यह भी कहा था कि मामले में को-पेटिशनर सीतलवाड़ ने जकिया जाफरी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। कोर्ट ने तीस्ता की भूमिका की जांच की बात कही थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तीस्ता सीतलवाड़ के एनजीओ को गुजरात दंगों के बारे में निराधार जानकारी देने के लिए फटकार लगाई। शाह ने उनके एनजीओ की मदद करने के लिए यूपीए सरकार पर भी हमला बोला था।

## भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को दी शिकस्त, सीरीज पर कब्जा

**नई दिल्ली.**
भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को दांबुला में खेले गए दूसरे टी20 रोमांचक मैच में श्रीलंका को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की सीरीज जीत ली है। सीरीज का पहला मैच भारत ने 34 रन से जीता था जबकि तीसरा और अंतिम मैच 27 जून को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।








## सरकार गिराने में शेखावत-पायलट मिले हुए थे, मुख्य किरदार शेखावत ने निभाया : गहलोत

नई दिल्ली।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार गिराने के मुख्य किरदार गजेंद्र सिंह शेखावत थे, जो सचिन पायलट के साथ मिले हुए थे। केंद्रीय मंत्री का यह कहना कि सचिन पायलट से चूक हो गई। यह साबित हो गया है कि सरकार गिराने में शेखावत सचिन पायलट के साथ मिले हुए थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि था कि सचिन पायलट से चूक हो गई वरना राजस्थान में भी मध्यप्रदेश जैसे हालात होते।

**शेखावत को अपनी आवाज का सैंपल देने मे क्या तकलीफ है :** सीएम गहलोत ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में मीडिया से बात करते हुए कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत को बल्कि कोर्ट का नोटिस लेट सर्व हुआ है। वो बचते रहे, बचते रहे, ये तो कानून अपना काम करे। गजेंद्र सिंह शेखावत को अपनी आवाज का सैंपल देने मे क्या तकलीफ है। ये स्वीकार भी कर चुके है कोर्ट के अंदर दिल्ली के अंदर इनकी आवाज है वो, पुलिस वहां स्वीकार कर चुकी है। हलफनामा के अंदर। गजेंद्र सिंह शेखावत ने लोकेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया है।



उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है। सरकार गिराने के मुख्य किरदार थे। आप एक्सपोज हो गए है। जब आपकी फोन टैंपिग के अंदर आवाज आई। दुनिया जानती है कि आवाज आपकी है। गजेंद्र सिंह ने सरकार गिराने का षड्यत्र किया।

**जनता इंतजार कर ही है शेखावत कब राजनीति छोड़ेंगे :** सीएम गहलोत ने कहा कि दो गलतियां गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। एक तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री वादा नहीं किया है। एक शब्द नहीं बोला ईआरसीपी के बारे में। मैं खुद मौजूद था अजमेर में। अगर ये सिद्ध हो जाए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। तो प्रदेश की जनता इंतजार कर रही है कि गजेंद्र सिंह शेखावत कब राजनीति छोड़ रहे हैं। एक बात तो ये हैं। दूसरा उन्होंने कहा कि सचिन पायलट अगर सक्सेस हो जाते, तो पानी पहुंच जाता। 13 जिलों का मामला है। ये 13 जिलों वाले भाजपा का साफ कर देंगे। क्योंकि इतना आक्रोश है वहां।

#### महाराष्ट्र में हो रही है हॉर्स ट्रेडिंग

सीएम गहलोत ने कहा कि महाराष्ट्र की परिस्थिति सब देख रहे हैं। अब वहां क्या स्थिति बनती है। आने वाला वक्त बतायेगा। लेकिन यह अच्छी परंपरा नहीं है। सीएम ने कहा कि मेरी दृष्टि से वहां हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है। पहले मध्यप्रदे, राजस्थान और फिर महाराष्ट्र। ये बहुत ही अशुभ संकेत है। देश के लिए और लोकतंत्र के लिए। लोगों को इन बातों को समझना चाहिए। लोकतंत्र में जनता ही माई-बाप होती है। लोकतंत्र में जनता ही सरकार बनवाती है। जनता ही घर भेजती है। देश में महंगाई है। बेरोजगारी है। देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है।




## सम्पादकीय

# प्रदूषण पर पहरा

पिछले कई सालों से दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण पर काबू पाने का प्रयास कर रही है, मगर इस दिशा में उसे अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पाई है। खासकर सर्दी के मौसम में जब हवा धरती की सतह के पास सिकुड़ आती है, तब दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप जानलेवा साबित होता है। तय मानक से कई गुना अधिक प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर लोग अचानक अनेक बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। अब तक के अध्ययनों से साफ हो चुका है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं है।

इस पर काबू पाने के लिए सरकार अब तक कई उपाय आजमा चुकी है। उनमें सम-विषम योजना भी शामिल है। बाहरी प्रदेशों से आने वाले भारी वाहनों को दिल्ली से होकर गुजरने पर रोक है। अभी तक सिर्फ वही वाहन आते हैं, जिन्हें दिल्ली में माल गिराना या ले जाना है। मगर अब दिल्ली सरकार ने नया कदम उठाते हुए इस साल अक्तूबर से फरवरी यानी पांच महीनों तक दिल्ली में भारी और मध्यम माल वाहकों का प्रवेश निषिद्ध कर दिया है। केवल फल-सब्जी, दूध, अनाज जैसी आवश्यक सामग्री लाने-ले जाने वाले वाहनों को प्रवेश की छूट होगी।

दिल्ली सरकार के ताजा फैसले पर स्वाभाविक ही व्यापारी संघ ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि बाहरी राज्यों से दिल्ली में रोजाना भारी मशीनों, निर्माण सामग्री आदि आती हैं, जिन्हें हल्के वाहनों के जरिए लाना संभव नहीं है। इनकी ढुलाई में बड़े ट्रकों का ही इस्तेमाल होता है। अगर उन पर रोक लग जाएगी, तो सारा कारोबार ठप्प पड़ जाएगा। निर्माण कार्य पहले ही शिथिल पड़ा हुआ है, उसकी गति थम जाएगी। उनका विरोध वाजिब है। दरअसल, दिल्ली केवल एक शहर नहीं, इसका आकार एक राज्य के बराबर है।

यहां अनेक व्यापारिक केंद्र हैं। यहां न केवल बाहर से सामान आता, बल्कि बड़े पैमाने पर भेजा भी जाता है। रोजमर्रा इस्तेमाल की वस्तुओं की ढुलाई तो फिर भी हल्के वाहनों से कई बार में की जा सकती है, मगर भारी कल-पुर्जों, वाहनों आदि की ढुलाई कैसे संभव होगी। कोई भी सरकार प्रदूषण रोकने के नाम पर सारा कारोबार ठप्प कर दे, तो उसका प्रतिकूल असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा।

दरअसल, दिल्ली में वायु प्रदूषण आज की समस्या नहीं है, मगर अब वहां की सड़कों पर वाहनों की भीड़ इतनी बढ़ गई है और कारोबारी गतिविधियों में इतनी तेजी आई है कि प्रदूषण की दर लगातार बढ़ती गई है। पहले दिल्ली में वाहनों को डीजल-पेट्रोल के बजाय सीएनजी चालित किया गया। अब बैट्री चालित वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, मगर दुपहिया वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोक पाना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने कुछ जगहों पर स्माग टावर लगाए हैं, जो वायु प्रदूषण को सोखते हैं। पर वे भी पूरे शहर के प्रदूषण पर काबू पाने में मददगार साबित नहीं हो रहे।

जैसे ही सर्दी का मौसम शुरू होता है, प्रदूषण की परत गाढ़ी होनी शुरू हो जाती है और लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। स्कूल आदि कई दिनों तक बंद करना पड़ता है, निर्माण कार्य रोक देने पड़ते हैं, फिर भी लोग त्राहि-त्राहि करने लगते हैं। ऐसे में सरकार की चिंता समझी जा सकती है। मगर इसके लिए कोई व्यावहारिक उपाय निकालने की जरूरत है, जिससे व्यापारिक गतिविधियां बाधित न हों।

# जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन सभी दुष्प्रचारों की हवा निकाल देगा

**जी-20 में भारत और यूरोपीय संघ समेत 20 देश शामिल हैं। भारत के खास मित्र देश अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, रूस और जापान तो जी-20 के सदस्य हैं ही साथ ही इस समूह के अन्य सदस्यों में चीन, अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा, इंडोनेशिया, इटली, मेक्सिको, सउदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और तुर्की भी शामिल हैं। जी-20 सम्मेलन में जिन विषयों पर अक्सर चर्चा होती है उनमें आतंकवाद, आर्थिक चिंताएं, ग्लोबल वार्मिंग और स्वास्थ्य आदि प्रमुख रहते हैं। जब जम्मू-कश्मीर में दुनिया के 20 बड़े देश आतंकवाद पर चर्चा कर रहे होंगे तो निश्चित रूप से पाकिस्तान और उसके आका चीन को मिर्ची लगेगी। देखा जाये तो जम्मू-कश्मीर में जी-20 सम्मेलन का आयोजन भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है क्योंकि जी-20 में चीन और तुर्की भी शामिल हैं जोकि कश्मीर मुद्दे को लेकर हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाते नजर आते हैं।**



**कश्मीर** को लेकर फैलाये जाने वाले दुष्प्रचार का वैसे तो भारत हमेशा तगड़ा जवाब देता रहा है लेकिन अब कुछ ऐसा होने जा रहा है जिसके जरिये पूरी दुनिया जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों की भारत भक्ति को सीधे देख सकेगी। दरअसल दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के प्रभावशाली समूह जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में होने जा रही है जिसमें इन देशों के बड़े नेताओं समेत कई बड़ी राजनीतिक, कूटनीतिक और औद्योगिक हस्तियां शामिल होंगी। हम आपको बता दें कि मोदी सरकार द्वारा अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के तहत तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को प्राप्त विशेष दर्जे की समाप्ति और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्वरूप दिये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाला यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन होगा। माना जा रहा है कि जी-20 सम्मेलन का आयोजन साल 2023 के अंत में जम्मू-कश्मीर में किया जायेगा। इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने बैठकों के समग्र समन्वय के लिए पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। वैसे अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद विश्व जगत का यह पहला जम्मू-कश्मीर दौरा नहीं होगा। हम आपको याद दिला दें कि 5 अगस्त 2019 के भारत सरकार के फैसले के बाद जब पाकिस्तान ने दुनियाभर में रोना-पीटना शुरू किया था तब भारत ने कई विदेशी राजनयिकों और नेताओं को जम्मू-कश्मीर का दौरा करवा कर वहां की हकीकत दिखायी थी। भारत सरकार के इस कदम से पाकिस्तान के आरोपों की हवा निकल गयी थी। अब जब भारत में पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होने जा रहा है तो उसके लिए आयोजन स्थल के रूप में जम्मू-कश्मीर का चयन दर्शाता है कि इस केंद्र शासित प्रदेश को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार कितना प्रयत्न कर रही है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में जो निवेशक सम्मेलन आयोजित किया गया था उसने भी इस केंद्र शासित प्रदेश को औद्योगिक राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। अब जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से पहले यहां बुनियादी ढांचे के और विकास तथा अन्य संबंधित परियोजनाएं मिलने से रोजगार भी बढ़ेगा और लोगों की सहुलियतें भी बढ़ेंगी। जहां तक जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका की बात है तो आपको बता दें कि भारत 1999 में जी-20 की स्थापना के बाद से ही इसका सदस्य है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत एक दिसंबर 2022 से जी-20 की अध्यक्षता करेगा और 2023 में पहली बार जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। माना जा रहा है कि अध्यक्ष पद पर भारत के कार्यकाल का समापन इस शिखर सम्मेलन के साथ ही होगा।

जहां तक जी-20 सम्मेलन के भारत में आयोजन के संबंध में बनायी गयी समिति की बात है तो हम आपको बता दें कि एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति जी-20 बैठकों के समग्र समन्वय का काम करेगी। समिति के सदस्यों में आयुक्त सचिव (परिवहन), प्रशासनिक सचिव (पर्यटन), प्रशासनिक सचिव (आतिथ्य एवं प्रोटोकॉल) और प्रशासनिक सचिव (संस्कृति) शामिल हैं। आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि इसके अलावा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठकों की व्यवस्था के समन्वय के लिए सरकार के प्रधान सचिव (आवास और शहरी विकास विभाग) को केंद्र शासित प्रदेश स्तर के नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

बहरहाल, जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन स्थल बनने से जम्मू-कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। जो लोग भारत विरोधी एजेंडा चलाते हुए जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में दुष्प्रचार करते रहते हैं उनको इस केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित होने वाला जी-20 सम्मेलन तो जवाब देगा ही साथ ही वैश्विक सम्मेलनों के केंद्र के रूप में भी जम्मू-कश्मीर उभर कर आयेगा। वैसे तो धरती पर स्वर्ग माने जाने वाले कश्मीर में दुनियाभर से पर्यटक आते हैं लेकिन जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन से केंद्र शासित प्रदेश के पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

## बॉलीवुड़ समाचार

# ओपनिंग डे पर 10 करोड़ नहीं कमा पाई फिल्म 'जुग जुग जियो'

जुग जुग जियो की बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन की कमाई का हिसाब आ गया है। वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर की फिल्म ने ओपनिंग डे पर 8.50 करोड़ रुपये का बिजनस किया है। यह कमाई अनुमान से थोड़ी कम जरूर है, लेकिन इसे पिछली रिलीज फिल्मों के बेहतर जरूर कहना होगा। बॉलीवुड की बैक टू बैक पांच फिल्मों के सिनेमाघर पर फ्लॉप साबित होने के बाद जुग जुग जियो टिकट खिड़की पर रौनक लेकर आई है। इस फिल्म ने पहले दिन दिल्ली-एनसीआर और देश के बड़े शहरों में बढ़िया कारोबार किया। इसमें कोई दोराय नहीं है? कि शनिवार और रविवार को फिल्म की कमाई अच्छी-खासी बढ़ने वाली है। राज मेहता के डायरेक्शन में बनी जुग जुग जियो देशभर में 3375 स्क्रीन्स पर रिलीज हुई है। फिल्म ने एडवांस बुकिंग से ही 4.80 करोड़ रुपये कमाए लिए थे। शुक्रवार को ओपनिंग डे पर सिनेमाघरों में 20-25 फीसदी सीटें भरी हुई मिलीं। उम्मीद थी कि शाम के शोज में यह संख्या बढ़ेगी, लेकिन ऐसा बहुत हद तक नहीं हुआ। यही कारण है कि 10-12 करोड़ रुपये की कमाई के अनुमान के बीच फिल्म ने पहले दिन 8.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। जुग जुग जियो राज मेहता की ही गुड न्यूज की तरह फन फिल्म है। इसमें अच्छे गाने हैं, ड्रामा है, कॉमेडी है, रोमांस है। कुल मिलाकर सारे मसाले हैं। इस फिल्म ने चंडीगढ़, मुंबई, पुणे और बेंगलुरु में भी बढ़िया कारोबार किया है। मल्टीप्लेक्स ऑडियंस वाली यह फिल्म आगे अच्छा कारोबार करेगी। कहीं न कहीं टिकट खिड़की पर इस फिल्म का हाल गंगूबाई काठियावाड़ी जैसा है।









## आज का राशिफल

### मेष
दिन के आरंभ में नए काम की शुरुआत को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। शरीर और मन की स्वस्थता भी आपके उत्साह को दोगुना कर देगी। स्नेही मित्रों के साथ समारोह में जाना हो सकता है। बाहर खाना-पीना नहीं करें।

### वृषभ
आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा, परंतु दोपहर के बाद कुछ अनुकूलता रह सकती है।

### मिथुन
आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

### कर्क
सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। दोपहर के बाद कुछ सावधानीपूर्वक आप समय गुजारें। धर्म, कर्म करने में अरुचि हो सकती है। इस समय किसी के झगड़े में आप ना पड़ें। धन से जुड़े लेन-देन न करें।

### सिंह
आज आपका व्यवहार लोगों के साथ अच्छा रहेगा। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। शुरुआत में आपको ऐसा लगेगा, जैसे आपके प्रयास गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हो। स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा।

### कन्या
आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ और चिंता में रहेंगे। किसी बात को लेकर गुस्से में रह सकते हैं। दोपहर बाद स्थिति में सुधार होगा। परिवार में भी आनंद का वातावरण होगा।

### तुला
आज नए काम और प्रवास ना ही करें। आध्यात्मिक क्षेत्र में आज सिद्धि प्राप्त होने का योग है। स्वास्थ्य में शिथिलता का अनुभव होगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। इससे आपका काम बिगड़े नहीं इसका ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

### धनु
किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। बाहर खाने-पीने का मज़ा ले पाएंगे। आज अपने गुस्से को नियंत्रण में रखें।

### मकर
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

### कुंभ
आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

### मीन
आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। स्थायी संपत्ति को लेकर किए जा रहे प्रयास में आज सफलता नहीं मिलेगी।

# गैर इरादतन हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शटडाउन लिये जाने के बावजूद विद्युत लाइन को चालू कर दिया था, हादसे में गई थी दो व्यक्तियों की जान**

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** पुलिसथाना चित्तावा व वृत कार्यालय कुचामनसिटी ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए गैर इरादतन हत्या के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम जाजुन्दा से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों ने 19 जून को नई विद्युत लाइन के पोल लगाने व तार खींचते समय शटडाउन लिये जाने के बावजूद विद्युत लाइन को चालू कर दिया था। इस हादसे में दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक नागौर राममूर्ति जोशी व पुलिस उप अधीक्षक गणेशाराम के सुपरविजन में वृत्ताधिकारी संजीव कटेवा ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी हरीराम पुत्र गणपतराम जाति जाट निवासी गुगड़वार उम्र 38 वर्ष व घनश्यामसिंह पुत्र हरदानसिंह राजपूत उम्र 50 वर्ष निवासी दीपपुरा थाना कुचामन को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि प्रार्थी नानूराम पुत्र मोहनराम रैगर निवासी कुकनवाली ने रिपोर्ट दी थी कि मेरा भाई नरवीर व रघुवीरसिंह राजपूत, जितेन्द्र रैगर जीएसएस गुगड़वार के अधीन गुमानसिंह राजपूत के खेत में नई विद्युत लाइन के पोल व तार खींच रहे थे। पूर्व में शटडाउन लिया था, मगर ड्यूटी कर्मचारी हरीराम ने सप्लाई चालू कर दी जिससे नरवीर व रघुवीरसिंह की मौके पर करंट लगने से मृत्यु हो गई।

# 25 जून 1975 को सत्ता के लालच में कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या कर दी थी

**भाजपा ने शनिवार को काला दिवस मनाकर इमरजेंसी की याद दिलाई**

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के अजमेर रोड़ स्थित आईटी सेल कार्यालय मे शनिवार को भाजपा ने काला दिवस मनाया। सह संयोजक तिलोक चंद शर्मा ने जानकारी देकर बताया की 25 जून को भारतीय जनता पार्टी द्वारा महेन्द्र चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं सेवाराम धनवानी की अध्यक्षता में आपातकाल दिवस मनाया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री लीलाधर सोनी ने 25 जून 1975 के उस दिन को याद करते हुए बताया कि सत्ता की लालची कांग्रेंस की तत्कालीन प्रधान मंत्री इदिरा गांधी ने अपनी हार के बाद सत्ता पर काबिज रहने के लिए देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र को समाप्त कर दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भंवरसिंह रेवंत, मीसा बंदी रहे अधिवक्ता महेश दिवाकर, छोटूलाल टाक, बिरदीचंद तोषनीवाल, मनोहरसिंह कीरड, रामपाल राठी, हेमराज दिवाकर, अधिवक्ता तिलोकचंद शर्मा सहित ने भी आपातकाल के दिनों के अपने अनुभवों को सांझा किया, जिसमें जेलों डालने के बाद दी गई यातनाओं, जेल में वरिष्ठ नेताओं के साथ किये जाने वाले अनशन ओर क्रिया कलापों पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला महामंत्री लीलाधर सोनी, भाजपा नेता महेन्द्र चोधरी, उपाध्यक्ष भंवरसिंह रेवंत, मंडल उपाध्यक्ष सेवाराम धनवानी,हेमराज दिवाकर हरसोर, वरिष्ठ नेता बिरदीचंद तोषनीवाल, रामपाल राठी, बेनिगोपाल शर्मा, मनोहर सिंह कीरड, महावीर चांडक जावला, अधिवक्ता महेश दिवाकर, सुमन सिंह, मनीषा दिवाकर,आईटी सेल प्रभारी महेश दिवाकर, निकू भूकर, जुगल किसोर शर्मा, बाबुसिंह बवंरला, कैलाश राठी सहित भाजपा मंडल डेगाना के पदाधिकारी ओर युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मीसा बंदियों ओर वरिष्ठ जनों का किया अभिनदंन

कार्यक्रम का संचालन करने वाले तिलोक चंद शर्मा ने बताया की इस मौके पर आपातकाल के दौरान जेलों मे डाले गये मीसा बंदियों ओर पार्टी के वरिष्ठ जनों का जिला संगठन के द्वारा महामंत्री लीलाधर सोनी,उपाध्यक्ष भंवरसिंह, हेमराज दिवाकर ने अभिनदंन किया, जिसमें 25 जून 1975 को लगाई इमरजेंसी के बाद डेगाना से जेल जाने वाले मीसा बंदी अधिवक्ता महेश दिवाकर,छोटूलाल टाक का माला पहना कर पार्टी की ओर से अभिनदंन किया। तथा पार्टी के नेता सेवाराम धनवानी, पूर्व सरपंच रामपाल राठी,बाबुसिंह बवरंला, हेमराज दिवाकर, मनोहर सिह कीरड का स्वागत कर सम्मान किया। इसा अवसर पर महेश दिवाकर ओर छोटूलाल टाक ने जेल के दिनों जेलों मे बिताये क्षणों ओर कांग्रेंस के खिलाफ भारत मे उठे देश भक्ती के ज्वार के बारें मे युवाओं को जानकारी दी।

# गोनरड़ा व गोल में पशु चिकित्सा उपकेंद्रो की मिली स्वीकृति

हरसौर(नागौर डेली न्यूज) :

निकटवर्ती ग्राम गोनरड़ा और गोल में पशु चिकित्सा उपकेंद्रो की स्वीकृति मिली है। मानव संगठन अधिकार ब्लॉक अध्यक्ष नाथूराम कलिया ने बताया कि विधायक विजयपाल मिर्धा की अभिशंषा पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने स्वीकृतियां जारी की है। पशु उपस्वास्थ्य केंद्र बनने क्षेत्र से जुड़े किसानों एवं पशुपालकों को सीधा लाभ मिल सकेगा। स्वीकृति मिलने पर सरपंच संघ अध्यक्ष रामदेव साहू, रामनिवास चाहर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पुनाराम कागट, डूंगाराम जाखड़, तिलोकराम जाखड़, तेजाराम गोदारा, ग्राम विकास अधिकारी नैना चौधरी, जीवराज कड़वा, लालाराम खिलेरी, सरपंच लालाराम मेघवाल, निंबाराम, पूसाराम खोजा, रामलाल, शिवजीराम जाखड़, सिंबूराम जाखड़, कमलेश बाजिया, ओमप्रकाश हेड़ा, छीतरमल मेहरा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का स्वागत कर निकाला भव्य जुलूस

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में गायत्री शिक्षण संस्थान द्वारा शनिवार को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर डीजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय टॉपर कोमल ढाका, सीमा डोडवाडीया, अंजना गुर्जर, रोहित गोस्वामी को माला साफा पहनाकर नाचते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गो निकाला गया। इस दौरान विद्यालय के निर्देशक जोराराम रेवाड़, सचिव मालू राम सामोता, संचालक नरेश चौधरी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# 41 करोड़ की लागत से बनेगा परबतसर के उपजिला अस्पताल का नया भवन

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** विधायक रामनिवास गावडिया की अनुशंसा पर आधुनिक चिकित्सालय भवन निर्माण सहित डिजिटल उपकरण, आपातकालीन वार्ड , आईसीयू वार्ड, 100 बैंड का जनरल वार्ड, चिकित्सकों के बैठने के लिए आधुनिक कक्ष निर्माण, प्राईमरी ट्रोमा सेंटर सहित सम्पूर्ण नये भवन निर्माण को बेहतरीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए 41 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। जल्दी ही नये भवन का निर्माण का शुरू किया जायेगा। आधुनिक अस्पताल बनने से मरीजों को फायदा होगा। आने वाले समय में मरीजों को अजमेर, जयपुर, किशनगढ़ तथा निजी अस्पतालों में नहीं जाना होगा। सभी सुविधाएं परबतसर के राजकीय उपजिला अस्पताल में मरीजों को मिलेगी तथा वर्तमान में उपजिला अस्पताल में 12 पदों पर चिकित्सक कार्यरत हैं तथा 4 नये चिकित्सक लगाने के लिए विधायक रामनिवास गावड़िया की अनुशंसा चिकित्सा मंत्री के पास भेजी गई है।

### इनका कहना है

परबतसर की जनता को किस प्रकार बेहतरीन चिकित्सा सुविधा मिले इसको लेकर में तत्पर हूं। मैंने पहले भी कहा जब में जीतकर पहली बार अस्पताल आया तो अस्पताल ही हालात दयनीय थी। यहां के लोगों ने मुझे बताया की आप तो अस्पताल की हालात ठीक करो तभी से में अस्पताल को क्रमोन्नति में लग गया। अस्पताल के नये भवन निर्माण के लिए सरकार ने 41 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की, जिससे नये भवन का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही अस्पताल में लोगो की मांग के अनुसार जल्दी ही हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक- कान विशेषज्ञ, चर्म रोग, न्यूरोलॉजी सहित प्रमुख 5 नये चिकित्सको के पद शीघ्र भरे जायेंगे।

**रामनिवास गावड़िया, विधायक परबतसर**

# तेजाजी मंदिर निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू

जुगल किशोर

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** विधायक रामनिवास गावड़िया के प्रयासों से परबतसर के लोगों का सबसे पुराना सपना साकार हो जा रहा है। परबतसर में मंदिर निर्माण को लेकर पिछले कई वर्षों से आमजन की मांग की थी कि परबतसर में तेजाजी का भव्य मंदिर निर्माण हो लेकिन कई सरकारें आईं और बदल गई लेकिन मंदिर निर्माण किसने नहीं करवाया। अब विधायक रामनिवास गावडिया के प्रयासों से 300 साल पुराना तेजाजी मंदिर निर्माण शुरू होने जा रहा है। तेजाजी भवन निर्माण के लिए सरकार ने 2 करोड़ 34 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति पहले ही जारी कर दी। अब भवन निर्माण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से नक्शे के अप्रवूल मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई।

# ओलम्पिक मशाल यात्रा का डीडवाना पहुंचने पर किया गर्म जोशी के साथ स्वागत

**विधायक चेतन डूडी, नागौर ज़िला फुटबॉल संघ व नागौर जिला बास्केटबॉल संघ सहित खिलाड़ी रहे मौजूद**

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक मशाल यात्रा शनिवार को डीडवाना पहुंची जहां क्षेत्रीय विधायक चेतन सिंह डूडी और नागौर ज़िला फुटबॉल संघ, नागौर जिला बास्केटबॉल संघ सहित खिलाड़ियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। नागौर रोड़ स्थित विधायक आवास पर स्वयं विधायक चेतन सिंह डूडी ने भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर मशाल पर मालार्पण किया। डूडी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की दूरदृष्टा का ही परिणाम है कि अब प्रदेश गांव ढाणी से वंचित और अभाव ग्रस्त खिलाड़ी निकल कर बाहर आ रहे है। मशाल यात्रा के नागौर ज़िला प्रभारी श्याम घिंटाला (शूटिंग बॉल प्रशिक्षक) ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रति सरकार का यह कदम आने वाले समय में अच्छे परिणाम देगा। घिंटाला ने खेल मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक यात्रा को स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 29 मई को सवाई मान सिंह स्टेडियम से डवाना किया है जो प्रदेश के हर जिले में गांव-गांव ढाणी-ढाणी पहुंचेगी उन्होंने कहा कि 29 अगस्त 2022 से होने जा रहे ग्रामीण ओलम्पिक खेल कूद प्रतियोगिता में इसका परिणाम भी सामने आएगा । इस अवसर पर राजस्थान ओलम्पिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत खेलों के प्रति काफी संवेदनशील है हम उनकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा के साथ हाल में सरकार द्वारा खिलाड़ियों को 2 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का स्वागत करते है । राठौड़ ने कहा कि अभी रागाग्राओ में कुछ खेलों को शामिल किया जाना बाकी है हम उम्मीद करते है जल्द ही ओर खेल इसमें शामिल किए जाएंगे राठौड़ ने खेल मंत्री के कार्यों, योजनाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की । इस दौरान श्रीकांत क्लब अध्यक्ष नरपत सिंह राठौड़, राष्ट्रीय रैफरी अशोक शर्मा, सुरेश मारोठिया, एडवोकेट विश्वनाथ प्रताप सिंह, अबरार अली बेरी, राम चन्द्र तापड़िया, जिला खेल अधिकारी भँवर लाल सिहाग, फुटबॉलर फरहत अली, एथलीट हनुमान राम सहित काफी संख्या में खिलाड़ी और लोग उपस्थित रहे ।

# डेगाना में नाई महासभा का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के दुर्गा मेरिज गार्डन में शनिवार को नागौर जिला स्तरीय राष्ट्रीय नाई महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए डेगाना प्रधान सुनिता चोयल ने कहा कि सामाजिक सम्मेलनों से समाज मे जाग्रती आती है तथा प्रतिभाओं को सम्मानीत करने से युवाओं मे प्रतिर्स्पधा की भावना पनपने से शिक्षा का स्तर बढ़ता है। शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह में युवा प्रतिभावान छात्र छात्राओं को 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ठ अंक लाने पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान अध्यक्ष अशोक सेन सरना ने कहा है कि नाई समाज में शिक्षा के प्रति जागरूक लाने तथा समाज को एक सूत्र में रहकर अच्छे कार्यों के प्रति हमेशा आगे बढने का आह्वान किया। समारोह में डेगाना की प्रधान सुनिता चोयल, समाज सेवी परसाराम चोयल, उपाध्यक्ष विनोद सेन डीडवाना, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सरोज खाटू श्याम, परबतसर नगर पालिका चेयरमैन ओम प्रकाश सेन, राष्ट्रीय सचिव आत्मप्रकाश नाई, प्रदेश सचिव भवानी सैन किनसरिया, प्रदेश सचिव लक्ष्मण सैन, प्रदेश सचिव श्याम सुंदर सामरिया, अध्यक्ष सेन एसोसिएशन ब्यावर दिलीप बडगुर्जर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रमेश सेन कुचामन, प्रदेश सचिव संजय मिठड़ी सहित नागौर जिला ओर डेगाना तहसील से नाई समाज के लोगो ने भाग लिया।

# शिव मंदिर डेगाना में पारीक समाज की परिचायिका पुस्तक का हुआ विमोचन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** अखिल भारतवर्षीय पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर द्वारा निर्माणाधीन गायत्री ब्लॉक की प्रगति व इस में सहयोग कर्ता तथा नए ट्रस्टी गणों की जानकारी आदि सूचनाओं की जानकारी के लिए समाज की ओर से एक परिचायिका पुस्तक निकाली जा रही है, जिसका शनिवार को डेगाना के शिव मंदिर मे समाज के लोगो ने विमोचन किया। इस पुस्तक को शनिवार को पूरे देश में एक साथ जारी किया। इसी क्रम में डेगाना में भी इसी दिन उक्त पुस्तक का विमोचन शिव मन्दिर डेगाना में पारीक समाज अध्यक्ष घनश्याम पाण्डिया की अध्यक्षता मे पारीक समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पारीक आश्रम पुष्कर के मार्गदर्शक मण्डल सदस्य रामदेव जोशी ईडवा, रामनिवास पारीक बाजोली के मुख्य आतिथ्य में दो नये ट्रस्टियों की घोषणा भी की गई। इस कार्यक्रम मे बंशीलाल बोहरा, कैलाश पारीक, पवन पारीक, कमल किशोर पारीक, हरिप्रसाद पुरोहित, सुरेश जोशी, पवन पुरोहित, दीपक रावलियावास, दिलीप तिवाडी, शांतिलाल पारीक, मनीष ईडवा, गोविंद पारीक, शिव प्रकाश कुचिपला, विष्णु पारीक, विशाल पारीक, रवि पुरोहित, रामकृपाल जोशी आदि प्रबुद्ध जनों की गोरवमयी उपस्थिति रही।

# मोदी को दी गई क्लीन चिट सत्य के सकुशल एवं विजयी होने का उद्घोष : योगी

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जकिया जाफरी की याचिका पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शीर्ष अदालत से मिली क्लीन चिट सत्य के सकुशल एवं विजयी होने का उद्घोष है।




# पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर की परिचायिका का कुचामन में हुआ लोकार्पण

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** अखिल भारतवर्षीय पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर की परिचायिका 2021-22 का लोकार्पण पारीक आश्रम पुष्कर एवं पूरे देश भर में 25 जून शनिवार दोपहर सवा 12 बजे एक साथ किया गया। इसी क्रम में कुचामनसिटी के ब्रह्मपुरी मोहल्ला स्थित पारीक भवन में भी परिचायिका का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। अखिल भारतवर्षीय पारीक आश्रम ट्रस्ट पुष्कर के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं ऑल इंडिया पारीक महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज जोशी ने विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त समाज बंधुओं से भवन निर्माण में सहयोग व संस्था की ट्रस्टी सदस्यता ग्रहण करने हेतु आग्रह किया। कुचामन पारीक समाज के अध्यक्ष चंपालाल पांडिया की अध्यक्षता एवं समाज बन्धुओ की उपस्थिति में विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सचिव मुकेश जोशी, पूर्व पारीक समाज अध्यक्ष शंकरलाल पारीक,वरिष्ठ तेजपाल पारीक, प्रकाश तिवाडी,उपाध्यक्ष कुंज बिहारी जोशी, विमल पारीक, विजय पारीक, कृष्ण व्यास,हेमन्त पारीक, उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के सभी लोगों ने पुस्तक का विमोचन होने पर खुशी जाहिर की साथ ही कहा कि आने वाले समय में कुचामन में भी इस तरह की पुस्तक निकाली जाएगी।



# लाडनूं पुलिस ने अन्तर्राज्यीय बाईक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

## 3 आरोपियों के कब्जे से 40 लाख रुपए लागत की 32 मोटरसाईकिलें जब्त

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ सीआई राजेंद्र सिंह कमांडो के नेतृत्व में पुलिस को बाईक चोरी मामले में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने बाईक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 32 मोटरसाइकिल जब्त की गई है जिनकी अनुमानित लागत करीब 40 लाख रुपये है। डीडवाना एडिशनल एस.पी विमल सिंह नेहरा, डीडवाना डिप्टी गोमाराम एवं लाडनूं सीआई राजेंद्र सिंह कमांडो ने पुलिस थाने में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि लाडनू पुलिस टीम द्वारा अंतरराज्यीय वाहन गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से हाई मॉडल की 32 बाईक जब्त की गई है।

### यूं शुरू हुआ कार्रवाई का दौर

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाइक चोरियों के संबंध में पुलिस ने मोटरसाइकिल के पार्ट्स बदलने वाले मैकेनिक की दुकानों पर नजर रखनी शुरू की व ऐसे कुछ दुकानों एवं कबाड़ियों को चिन्हित किया गया। फिर उनके आसपास आने जाने वाले संदिग्ध लोगों पर निगरानी शुरू की गई, जिससे यह सामने आया कि नागौर, सीकर, चूरू व गुजरात के अनेक जिलों से वाहन चुराकर यहां आस-पास के क्षेत्रों में बेचे जा रहे हैं, जिनके इंजिन व अन्य पार्ट्स भी बदलने का काम किया जा रहा है। इस दौरान कई मैकेनिकों से पूछताछ की गई जिनसे यह सामने आया कि गुजरात से जुड़े हुए वाहन चोर गिरोह के सदस्य यहां सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने अरशद अली सिलावट, समीर बोपारी व नईम छिंपा को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे लोग गुजरात के बाईक चोर गिरोह के संपर्क में हैं जो नागौर, सीकर, चूरू, अहमदाबाद, आबू रोड,सुजानगढ़, बीदासर आदि जगहों से मोटरसाइकिल लाकर यहां बेच देते हैं। उनके कब्जे से महंगी मोटरसाइकिलें रॉयल इनफील्ड, हीरो, एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर, स्कूटी सहित 32 बाईक जब्त की गई।



### गुजरात के रास्ते यहां लाकर पार्ट्स बदलकर बेचते वाहन

आरोपियों से जानकारी में पता चला है कि यह लोग करीब डेढ़ सालों से गुजरात के रास्ते होते हुए आबूरोड से मोटर साइकिलें लाने का कारोबार कर रहे थे इस दौरान यह एक कोड भाषा का इस्तेमाल करते इनफील्ड को हाथी व सुजानगढ़ को सुजा कोड में बताते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देते रहे हैं। अब पुलिस इस मामले में पार्ट्स बदलने वाले मैकेनिकों एवं कबाड़ियों को भी चिन्हित कर रही है और शीघ्र ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने की तैयारी में लगी है। इस कार्रवाई के दौरान लाडनूं थानाधिकारी राजेंद्र सिंह कमांडो, हेड कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, दशरथ सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र, रामधन शाख, अब्दुल शकीर, बाबूलाल, नवीन, किरण, कमलेश आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर कर लौटे रग्बी खिलाड़ियों का किया सम्मान

## ऑल इण्डिया इंटर स्टेट के पदक विजेताओं का महाविद्यालय आगमन पर किया अभिनन्दन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के रग्बी खिलाड़ियों ने ऑल इण्डिया इंटर स्टेट प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ऑल इण्डिया इंटर स्टेट रग्बी प्रतियोगिता के लिये पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स एकेडमी, पटना (बिहार) में ऑल इण्डिया स्तर पर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय तथा शिक्षा नगरी कुचामन का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों के महाविद्यालय आगमन पर उनका अभिनन्दन किया गया। अभिनन्दन समारोह में महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां तथा प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर उनको शानदार प्रदर्शन करने के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### दमदार प्रदर्शन के बूते ऑलराउंडर पदक किया प्राप्त

इस अवसर पर निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि महाविद्यालय की महिला तथा पुरुष वर्ग की दोनों टीमें महाविद्यालय रग्बी कोच के दिशा निर्देशन में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती आ रही है। प्राचार्य डॉ. कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ियों सुमन मंडीवाल तथा सुरज्ञान ने राजस्थान रग्बी एसोसिएशन की और से राजस्थान महिला रग्बी टीम का प्रतिनिधित्व किया। राजस्थान की महिला टीम में महाविद्यालय की दोनों खिलाड़ियों ने फ्लैंकर व स्कम खिलाड़ी के तौर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिस्पर्धा का ऑलराउंडर पदक प्राप्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने रग्बी कोच हरीश जाझड़ा, वरिष्ट सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक कैलाश शर्मा तथा स्टेट प्लेयर चंदा कंवर का माला पहनाकर कर भव्य स्वागत किया। खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी की प्रधानाचार्या प्रतिमा पंवार, गणेशराम, मोहनलाल, भंवरलाल, डॉ. जितेंद्र चौबदार, जगदीश विश्नोई, सुखराम चौधरी, कांता विश्नोई, दानाराम भींचर, छोटूराम, ताराचंद कुमावत, निकिता शर्मा, मोनिका शर्मा तथा शंकरलाल ने रग्बी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए शुभकामनायें दी।

# भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से श्रेष्ठ : मुनि चैतन्य कुमार

## भकरी के जैन स्थानक महावीर भवन में धर्मसभा का आयोजन



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम भकरी के जैन स्थानक महावीर भवन में धर्मसभा का आयोजन हुआ। सभा में पहुँचे मुनियों का स्थानीय जैन समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुनि चैतन्य कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से श्रेष्ठ है। इस संस्कृति में उस जीवन को जीवन का कहा गया है, जिसमें शांति, संतोष, पवित्रता और आनंद है। केवल खाना-पीना और श्वास लेना ही जीवन का लक्षण नही हैं। मानव जीवन विलक्षण जीवन है, क्योंकि यह एक ऐसा जीवन है जिसमें सब प्रकार की सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है। मुनि अमन ने कहा कि किसी धार्मिक कार्य के लिए यदि किसी से कुछ कहा जाए तो सीधा सपाट पर मिलता है कि समय नहीं मिलता। जबकि प्रकृति ने सबको बराबर समय दिया है। कौन, कैसे एवं कितना उपयोग करता है, यह व्यक्ति के हाथ में है।

व्यक्ति भविष्य को सुधारना चाहता है लेकिन वर्तमान पर ध्यान नहीं देता है। यदि अपना वर्तमान अच्छा बना ले तो भविष्य अपने आप अच्छा बन जाएगा। सुबह से लेकर पेट और परिवार की चिंता करता है। आत्मा के लिए नहीं सोचता। हाय धन के अलावा उसे कुछ नहीं दिखाई देता। परंतु धन भी धर्म से ही संभव है। धर्म कार्य से पुण्य की प्राप्ति होती है। धर्म और भगवान की भक्ति सर्वोपरि है। इस अवसर पर मुनि सुबोध कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अशोक सुराणा, धर्मीचंद मुथा, बालकृष्ण मणियार, सत्यनारायण वैष्णव, कालू सुराणा, उत्तमचंद सुराणा, निर्मल मुथा, अनिल सुराणा, सुमित सुराणा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आज के युग में शिक्षा नीति ही चलती है, शिक्षा के बिना कमजोर है व्यक्ति : चेतन डूडी



## आकोदा की शिशु विहार उ.मा.वि. में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाली प्रतिभाओं का किया सम्मान

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम आकोदा की शिशु विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के सिरमोर प्रतिभाओं का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं केंद्र सरकार द्वारा स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडवाना विधायक चेतन डूडी रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डीडवाना बीसीएचएमओ डॉ. अजीत बलारा, कोलिया सरपंच कुशाल कुमार, निंबी सरपंच प्रसन्न खां, आकोदा सरपंच त्रिलोक सिंह रहे। संस्था निर्देशक उगमाराम रॉयल ने जानकारी देते हुये बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिणाम में सबसे अधिक अंक प्रतिशत प्राप्त करने वाले विधार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर एवं अभिभावकों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

निर्देशक रॉयल ने बताया कक्षा बारहवीं विज्ञान वर्ग में मनीष जांगिड़ 94.20, मोनिका ढाका 94.00, गणेश प्रजापत 93.60 ओर कक्षा 10 में ओम प्रकाश पूनिया 96.17, भगवती भाकर 96.00, प्रियंका खिलेरी 95.50, परमेश्वर भाकर 95.33, दीक्षा फगोड़िया 94.33 एवं प्रिया रॉयल ने 94.17अंक अर्जित कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है मुख्य अतिथि डीडवाना विधायक डूडी ने उपस्तिथो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युग शिक्षा का युग है। आज के युग में शिक्षा नीति ही चलती है शिक्षा के बिना कमजोर है व्यक्ति। पढ़ाई हमेशा लक्ष्य को देखकर की जाती है जिसमें व्यक्ति हमेशा सफलता हासिल करता है। इस अवसर पर गोमाराम खिलेरी, पुरखाराम खिलेरी, प्रभुराम नेटवाल, भवरलाल पूनिया, पन्नाराम भाकर, गुमानाराम ढाका, भागूराम तेतरवाल, रामनिवास कस्वा, नागरमल सेठ, महावीर प्रसाद,सवाई सिंह,लिच्छमनराम गोरा, सेवाराम रॉयल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### अटल टिंकरिंग लैब का किया उद्घघाटन

समारोह के दौरान विधायक डूडी ने केंद्र सरकार द्वारा विद्यालय में स्थापित क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ अटल टिंकरिंग लैब का भी विधिवत उद्घाटन किया तथा विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आधुनिक तकनीक पर आधारित विभिन्न मॉडल की प्रदर्शनी प्रस्तुत की। जिससे अतिथियों व अभिभावकों ने अवलोकन किया। जिसमे मॉडल में ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, ऑटोमेटिक कार पार्किंग, ऑटोमेटिक रेलवे फाटक, एंटी थेफ्ट सिस्टम, हाइड्रोलिक जेसीबी, ब्लूटूथ कार, ड्रोन आदि बच्चों द्वारा निर्मित मॉडल प्रदर्शनी का हिस्सा रहे ।

# सय्यद चूड़ीगरान संस्था की बैठक हुई आयोजित

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के होम सिग्नल के पास स्थित मुस्लिम अकलियत जमाअत खाना में सय्यद चूड़ीगरान संस्था की बैठक नायब सदर आलम हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान सय्यद अब्दुल गनी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु समाज द्वारा सभी सुविधाएं दी जाएं। सय्यद हाजी मुजफ्फर ने कहा की समाज में गलत रसूमात के चलते फिजूल खर्ची आम है जिसपर रोक लगाई जाए।

इस दौरान दिनांक 19 जून को हुई पिछली बैठक अध्यक्ष सय्यद अली की अध्यक्षता में समाज द्वारा खर्च का हिसाब मांगने पर सम्मेलन की अव्यवस्थाओं पर सवाल किए थे जिस पर चर्चा के दौरान सेकेट्री सुल्तान अली व खजांची सय्यद शराफत अली बिना हिसाब बताए मीटिंग से उठकर चले गए और कहा की हमने तो इस्तीफा दे दिया है। इस पर सदर सय्यद अली ने मीटिंग का खंडन भी किया और तीनों पदाधिकारी मीटिंग में उपस्थित नहीं हुए। इस दौरान समाज के लोगो ने कहा की आगामी जो भी मीटिंग रखी जाए उसमें पदाधिकारियों के नहीं आने का कारण व दोनो पदाधिकारी सेकेट्री व खजांची कौम को लिखित में इस्तीफा सौपे। इस दौरान मोहम्मद अकरम, मो. बशीर, मो.आरिफ, सय्यद हबीबुर्रहमान, अब्दुल रहुफ, शराफत अली, शहादत अली, अब्दुल वहीद, जमील अहमद, हाजी मुस्ताक, मो. सलीम, मो. शाकिर, जाकिर हुसैन, आशिक अली सहित सय्यद समाज के लोग उपस्थित थे।

# तहफ्फुजे नामुसे रिसालत व इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस आज

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** तहफ्फुजे नामुसे रिसालत व इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस सुन्नी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शमसुद्दीन कादिरी की सदारत में पलाड़ा रोड़ मकराना में बाद नमाज मगरिब आयोजित होगी, जिसमें मुख्य वक्ता आलमी तहरीक सुन्नी दावते इस्लामी के अमीर हाफिजो कारी शाकिर अली नूरी मुंबई से और सय्यद अमीनुल कादिरी मालेगांव महाराष्ट्र से तशरीफ ला रहे है। इसके साथ ही खुसूसी नकीब व नात ख्वान कारी रिजवान खान प्रिंसिपल हाशमिया कॉलेज मुम्बई सहित जयपुर, अजमेर, बासनी, मेड़ता सिटी, कुचामन, किशनगढ़ सहित अन्य शहरों से ओलमा तशरीफ ला रहे है।

# मालियों की ढाणी में गिरे दो विद्युत पोल

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के मालियों की ढाणी में शनिवार को दो जर्जर विद्युत पोल गिर गए। वार्ड नम्बर 27 मालियों की ढाणी से पानी की टंकी को और जाने वाले मार्ग पर कई सालों से जर्जर विद्युत पोल की शिकायतें वार्ड वासियों द्वारा विभाग को दी गई, लेकिन विभाग द्वारा बड़े हादसे का इंतजार करता रहा। इसी बीच शनिवार को दो पोल अचानक गिर गए एवं पोल के पास खड़ी एक मोटर साइकिल पोल के नीचे दब गई। समय रहते राहगीरों ने विद्युत सप्लाई बंद करवाई तब जाकर राहत की सांस ली गई। समाजसेवी मोहम्मद हयात गैसावत ने बताया कि विभाग को कई बार अवगत कराने के पश्चात भी पोल को बदला नहीं गया और ना ही उसे ठीक किया गया।

इसी प्रकार शहर में कई जगह विद्युत पोल जर्जर हालत में है जिन्हे बदलना आवश्यक है वरना कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। गैसावत ने बताया कि आगामी बारिश के मौसम में जगह जगह जलभराव की स्थिति बन जाती है और इस तरह विद्युत पोल से करंट का अंदेशा अधिक रहता है।

# नारायण वैष्णव ने जैन स्कूल के बच्चों को उपहार देकर मनाया जन्मदिन



हितेश रारा

## रोज दिनचर्या में काम आने वाले उपहार देकर दिया व्यवहारिक ज्ञान का संदेश

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मंदिर पुजारी कल्याण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष नारायण वैष्णव भूणी ने अपना 27 वां जन्मदिन शनिवार को मारोठ कस्बे की श्री दिगम्बर जैन विवेक सागर शिक्षण संस्थान विद्यालय के बच्चों के साथ बड़ी सादगी से मनाया। अपने जन्मदिवस पर वैष्णव ने बच्चो को मिठाई के साथ-साथ टुथ पेस्ट, टूथ ब्रश, पैन पेंसिल, साबुन आदि के किट वितरित करते हुए बच्चो को शिक्षा के साथ साथ शारीरिक स्वच्छता का महत्व और धर्म और अपने आस्था स्थलों के प्रति सम्मान और आदर भावना रखने का संदेश दिया। जैन विद्यालय के अध्यक्ष हितेश रारा, उपाध्यक्ष मनीष ठोलिया एवं शाला परिवार ने नारायण वैष्णव का विद्यालय पहुंचने पर माला साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को दिए गए स्नेह के लिए आभार प्रकट किया।

नारायण वैश्णव भूणी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सराहते हुए कहा कि जैन समाज मारोठ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार मिले यह सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय शुल्क में विशेष छूट देने की जमकर तारीफ की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया काला दिवस

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष घनश्याम सोनी के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के पास स्थित गांधी पार्क में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया। शहर मंडल अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने कहा की सन् 1975 में जब केंद्र की कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल इमरजेंसी की घोषणा कर देश में एक नया अध्याय रच दिया था। इस दिन को पूरे भारतवर्ष में भारतीय जनता पार्टी काले दिवस के रूप में मनाती रही है। इमरजेंसी के दौरान केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा दमन की राजनीति की गई, सरकार के विरोधी खेमे के नेताओं को जबरदस्ती जेलों में बंद कर दिया गया, लोगों की जबरदस्ती नसबंदी की गई। सरकार का सामंतवादी रवैया हो गया था। सभा को जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र व्यास, जिला किसान मोर्चा संयोजक प्रेम प्रकाश मुरावतिया, जिला खेलकूद प्रकोष्ठ संयोजक प्रकाश भाकर, भाजपा नेता मोहन सिंह चौहान, एडवोकेट अरविंद कुमार चोपड़ा ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा की कांग्रेस सरकार तानाशाह बन कर राज करती रही है। आज भी इसी नीति के आधार पर कुछ राज्यों में सरकार कार्य कर रही है। इसीलिए 25 जून को भाजपा काले दिवस के रूप में मनाती है।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में जिला मंत्री महेश काबरा, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक देवी सिंह बिका, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र व्यास, गणपत लाल जांगिड़, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा महामंत्री शब्बीर गैसावत, जिला प्रवक्ता अफजल भाटी, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष बजरंग लाल जाटलिया, मंडल मंत्री शैलेश जोशी, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कल्पना जैन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष तारामणि मुंदरा, विजिया बाफना, पार्षद ईश्वर लाल बंजारा, विनोद सोलंकी, ओबीसी मोर्चा महामंत्री प्रीतम सोनी, युवा मोर्चा महामंत्री बाल किशन सैनी, श्री भगवान काबरा, सुभाष चंद्र रेगर, श्याम सुंदर सोलंकी, बाला प्रसाद ओझा, वीर सिंह सोलंकी, चंपालाल जांगिड़, संजय शर्मा, बंसीलाल रेन, मदन लाल मेघवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com